CIN U45203MP2004SGC016758
**Madhya Pradesh Road Development Corporation Ltd.**
**(M.P. State Highway Authority)**
(Govt. of M.P. Undertaking)
**45 – A, Arera Hills, Bhopal – 462 011**
☎ : 0755 – 2597290 / 2765205 Fax: 0755-2572643, Website: www.mprdc.gov.in

OFFICE OF THE DIVISIONAL MANAGER
**Chief Engineer, central zone M.P.P.W.D. office campus, South Civil lines, JABALPUR - 482 001**
E-mail: dm-jabalpur@mp.gov.in

पत्र क्रमांक:–0292/डी.एम.एम.पी.आर.डी.सी./ए०डी०बी०VI-VII/2022-23 जबलपुर, दिनांक:12-05-2022

**वन मण्डल अधिकारी,**
**पूर्व (सामान्य) वनमण्डल,**
**मण्डला**

विषय :– मण्डला जिले के अंतर्गत ए.डी.बी.–VI/VII योजनान्तर्गत स्वीकृत पदमी–रामनगर–घुघरी–सलवाह मार्ग कुल लम्बाई 51.342 कि.मी. के उन्नयन कार्य हेतु वांछित वन भूमि के व्यपवर्तन हेतु किये गये आवेदन पर की गई कार्यवाही के संबंध में

**क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु जिला प्रशासन द्वारा आबंटित समतुल्य राजस्व भूमि की उपयुक्तता विषयक**

संदर्भ :– संयुक्त निरीक्षण दिनांक 06-05-2022

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित निरीक्षण के दौरान क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु माननीय कलेक्टर, जिला मण्डला द्वारा दिनांक 27-09-2021 को ग्राम–भीमा स्थित, पटवारी ह०क्र० 145 की आवंटित भूमि, खसरा क्रमांक 121 में कथित रुप से कास्त काबिज होने के कारण विषयांकित प्रयोजन हेतु प्रथम दृष्टया उपयोगी नहीं पाया जाना उल्लेखित किया गया है एवं इस आधार पर दिनांक 09-05-2022 को आवेदन निरस्त कर माननीय कलेक्टर, जिला–मंडला को सूचित किया गया है।

तत्संबंध में सादर लेख है कि उक्त भूमि में से काबिज कास्त को जिला प्रशासन के आवश्यक सहयोग से पूर्णत: अतिक्रमण विमुक्त कराकर वन विभाग को भूमि उपलब्ध कराने हेतु आवेदक संस्था वचनबद्ध है। अत: निवेदन है कि उक्त प्रतिबद्धता के आधार पर कृपया विषयांकित आवेदन पर पुनर्विचार कर एशियाई विकास वैक द्वारा वित्त पोषित प्रदेश शासन की इस महत्वाकांक्षी परियोजना एवं इससे लाभांवित होने वाली वृहद जनसंख्या (मुख्यत: आदिवासी) के व्यापक हित में प्रस्ताव पर सकारात्मक एवं अनुकूल कार्यवाही करते हुए इसे आगामी अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु इसके पक्ष में संबंधितों को अग्रेषित करने का कष्ट करें ताकि इस महत्तवपूर्ण परियोजना को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जा सके।

सहपत्र:– निरंक

(राजेन्द्र चन्देल)
**संभागीय प्रबंधक,**
**म०प्र० रोड डेव्हलपमेण्ट कॉर्पोरेशन लि०**
**जबलपुर (म.प्र.)**

पृष्ठांकन क्रमांकः—0293/डी०एम०एम.पी.आर.डी.सी./ए०डी०बी०VI-VII/2022-23
जबलपुर, दिनांकः12-05-2022

प्रतिलिपि :—

1- कलेक्टर, जिला मण्डला की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2- मुख्य वन संरक्षक मध्यवृत्त जबलपुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3- मुख्य अभियंता, (ए.डी.बी.—VI/VII ) मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम लि. भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
4- पर्यावरण सुरक्षा विशेषज्ञ, मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम लि. भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

—हस्ता॰ —
**संभागीय प्रबंधक,**
**म०प्र० रोड डेव्हलपमेण्ट कॉर्पोरेशन लि०**
**जबलपुर (म.प्र.)**